भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2638

16 दिसम्बर, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: नासिक से खरीदे गए चावल का दुरुपयोग

2638. डॉ. बच्छाव शोभा दिनेशः

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने खरीद योजना के माध्यम से नासिक जिले से खरीदे गए चावल के दुरुपयोग से संबंधित रिपोर्टों का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस मुद्दे की समीक्षा हेतु कोई जांच आरम्भ की है और यदि हाँ, तो जांच के निष्कर्षों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने उत्तरदायी लोगों के विरुद्ध कोई दंडात्मक कार्रवाई आरम्भ की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (घ): खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) से प्राप्त सूचना के अनुसार, जनजातीय विकास निगम (महाराष्ट्र में एक खरीद एजेंसी) ने सूचित किया है कि 2 मई, 2025 को किसी स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था कि सरकार द्वारा खरीदे गए धान को गुजरात के काला बाजार में बेचा जा रहा है।

महाराष्ट्र राज्य सहकारी जनजातीय विकास निगम ने 2 मई, 2025 को एक जांच समिति का गठन किया। जांच के दौरान सामने आए कुछ संदिग्ध मामलों को देखते हुए, निगम ने आरोपित मिल मालिक की बैंक गारंटी को जब्त करने और उसे लॉक करने का आदेश दिया है।

जनजातीय विकास निगम के अधिकारियों ने भी 22 मई, 2025 को सुरगाणा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

(ड.): महाराष्ट्र सरकार ने एजेंसियों को धान ढोने वाले वाहनों में जीपीएस लगाने और चावल मिलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया है।

*****